# 36990 - किसी दूसरे के खर्च पर हज्ज करना

**प्रश्न**

एक महिला सऊदी अरब आई और उसके लिए मेज़बान के खर्च पर हज्ज का फ़रीज़ा अदा करने की सुविधा प्राप्त होगई। वह पूछ रही है कि क्या यह हज्ज इस्लाम के हज्ज के लिए पर्याप्त है, जबकि उसने अपने हज्ज पर अपना कोई पैसा खर्च नहीं किया है?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

उसके हज्ज के दायित्व के निष्पादन की प्रामाणिकता इस बात से प्रभावित नहीं होती है कि उसने उसपर अपना कोई पैसा खर्च नहीं किया है, या उसने केवल थोड़ा-सा खर्च किया है और उसके हज्ज का अधिकांश खर्च किसी और ने भुगतान किया है। इसके आधार पर, यदि उसका हज्ज सभी शर्तों, अरकान और वाजिबात (स्तंभों और आवश्यक कार्यों) को पूरा करता है, तो वह उसके हज्ज के दायित्व को संपन्न करने वाला है, भले ही उसकी लागत को उसके अलावा किसी ओर ने भुगतान किया हो।

और अल्लाह ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है।